PROMOTION OF CLERKS GRADE II IN F.T.A. OFFICE, DELHI (WESTERN RAILWAY)

3863. SHRI VISWANATHA MENON : Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state the names of the Clerks Grade II qualified or unqualified who were promoted to the posts of Clerks Grade I from the 1st October, 1962 to 19th November, 1963 showing against each name the date of promotion and the staff order number in the Foreign Traffic Accounts Office, Western Railway, Delhi ?

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI C. M. POONACHA) : The information is being collected and will be laid on the Table of the Sabha.

पटना नगर गुलजार बाग स्टेशन के निकट रेलवे लाइन पर पुल

3864. श्री रामावतार शास्त्री : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उपरि-पुल न होने के कारण मीठापुर, पटना नगर में रेलवे लाइन पार करते समय यात्रियों तथा अन्य व्यक्तियों की बहुत भीड़ रहती है, जिसके फलस्वरूप कभी-कभी दुर्घटना हो जाने का भय रहता है;

(ख) गुलजार बाग रेलवे स्टेशन के निकट केबिन में उपरि-पुल के न होने के कारण यात्रियों को बहुत कठिनाई का सामना करना पड़ता है ;

(ग) क्या इन दोनों स्थानों पर उपरि-पुल बनाने के लिए बहुत समय से मांग की जा रही है;

(घ) यदि हां, तो इस बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है; और

(ङ) उक्त मांगों को पूरा करने में क्या कठिनाई है ?

रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा) : (क) जी हां; हाल में रेल प्रशासन को इस समपार पर कोई दुर्घटना होने की रिपोर्ट नहीं मिली है ।

(ख) जी नहीं ।

(ग) जनता की ओर से मीठापुर समपार के बदले ऊपरी पैदल पुल बनाने की मांग की गई है लेकिन गुलजार बाग समपार के बदले ऊपरी पुल बनाने के लिए अभी तक कोई मांग नहीं की गई है ।

(घ) और (ङ). वर्तमान नियमों के अनुसार व्यस्त समपारों के बदले ऊपरी/निचले सड़क पुल बनाने के प्रस्ताव राज्य सरकार द्वारा प्रयोजित होते हैं और राज्य सरकार, जैसा कि वर्तमान नियमों के अनुसार अपेक्षित है, काम की संगत प्राथमिकता और उस वर्ष का उल्लेख करती है जब वह काम की लागत में सड़क प्राधिकारी के हिस्से की रकम की व्यवस्था कर सकेगी ।

मीठापुर, पटना सिटी और गुलजार बाग स्टेशनों के वर्तमान समपारों के बदले ऊपरी सड़क पुल बनाने के बारे में अभी तक बिहार सरकार से कोई ठोस प्रस्ताव नहीं मिले हैं ।

साहिबगंज शैड के लोको मैकेनिकल स्टाफ के कर्मचारियों की मांगें

3865. श्री रामावतार शास्त्री : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि साहिबगंज लोको शैड, पूर्व रेलवे, में काम करने वाले लोको मैकेनिकल स्टाफ के 148 कर्मचारियों ने पूर्वी रेलवे के जनरल मैनेजर को एक ज्ञापन भेजा है;

(ख) क्या उसकी एक प्रति अन्य अधिकारियों के अतिरिक्त उनको भी भेजी गई थी;